http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 66

प्रयागराज शुक्रवार 22 नवम्बर 2024

पृष्ठः– 4, मूल्यः– एक रुपया

## सीएम ने मां पाटेश्वरी का किया पूजन



- गोशाला का निरीक्षण कर गौसेवा की
- सनातन धर्म भारत का प्राण है, इसके कमजोर होने से भारत कमजोर होगा

बलरामपुर,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार सुबह बलमरापुर में मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन–पूजन किया और गौसेवा भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार की सुबह तुलसीपुर स्थित देवी पाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी का पूजन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने गो सेवा भी की। मुख्यमंत्री ने मंदिर के महंत से व्यवस्था को लेकर जानकारी हासिल किया। मुख्यमंत्री योगी जब भी बलरामपुर आते हैं तो मंदिर में दर्शन करने के बाद वह गौसेवा करते हैं। बुधवार को उपचुनाव के मतदान के दिन भी वह अयोध्या में रहे और दर्शन–पूजन किया। इसके बाद शाम को बलरामपुर आ गए। सनातन धर्म भारत का प्राण है, इसके कमजोर होने से भारत कमजोर होगा इसके पहले, दो दिवसीय भ्रमण पर बुधवार की शाम को देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म भारत का प्राण है। भारत की आत्मा है। भारत का आधार है। इसके बगैर भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सनातन धर्म कमजोर होगा तो भारत कमजोर होगा। सनातन धर्म पर आघात होगा तो यह आघात भारतवासियों पर होगा। भारत कमजोर होगा तो विश्व में मानवता के खिलाफ संकट खड़ा होगा। ऐसे में सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। यह हर किसी की जिम्मेदारी है। शक्तिपीठ देवीपाटन में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित रामकथा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म किसी भाषा या क्षेत्र से दूरी बनाने की बात नहीं करता है। वह सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के सपने को साकार करता है। एक साथ बोलने, एक साथ सोचने और एक साथ चलने की प्रेरणा देता है। एक साथ सभी कार्यों को संपादित करने की सीख देता है।

ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि जहां कहीं भी कोई ऐसी बात है, जो सनातन धर्म के मार्ग में बाधक है। उन कमजोरियों की पहचान करके समय रहते उसका उपचार करना होगा।

डोमिनिका में पीएम मोदी देश के टॉप अवार्ड से सम्मानित, बोले....

# ये मेरे देश की जनता को समर्पित

- डोमिनिका और गुयाना ने पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया: भारत गुयाना में जन औषधि केंद्र खोलेगा, डिजिलॉकर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च होगा
- मोदी को मिला गुयाना, डोमिनिका सर्वोच्च नागरिक सम्मान
- भारत और गुयाना में महिला राष्ट्रपति, पीएम मोदी बोले- दोनों ही देश महिला सशक्तिकरण के रोल मॉडल

जॉर्जटाउन,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो कैरेबियाई देशों गुयाना और डोमिनिका ने अपने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया। यह पहला अवसर है जब भारत के प्रधानमंत्री को दो देशों द्वारा एक ही दिन अपने–अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है। स्टेट हाउस में आयोजित एक समारोह में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को उनकी दूरदर्शी प्रतिभा और वैश्विक मंच पर विकासशील देशों के अधिकारों की वकालत करने के लिए, वैश्विक समुदाय के लिए असाधारण सेवा के लिए और भारत–गुयाना संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार,श्द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंसश से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वीकार करते समय प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत के लोगों और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी राजकीय यात्रा भारत–गुयाना मित्रता को गहरा करने की दिशा में भारत की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाले चौथे विदेशी नेता हैं। बाद में दूसरे



भारत–कैरीकॉम शिखर सम्मेलन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में

डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को उनके राजनीतिक राजनय, कोविड 19 महामारी के दौरान डोमिनिका को समर्थन तथा भारत और डोमिनिका के संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार श्डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनरश से सम्मानित किया। इस अवसर पर डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट भी उपस्थित थे। गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, बारबाडोस के प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटली, ग्रेनेडा के प्रधान मंत्री डिकॉन मिशेल, सेंट लूसिया के प्रधानमंत्री फिलिप जे. पियरे, तथा एंटीगुआ एवं बारबुडा के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन भी पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस सम्मान को भारत के लोगों और भारत और डोमिनिका के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को समर्पित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध बढ़ते और गहरे होते रहेंगे।


## आम आदमी पार्टी की पहली सूची में 11 उम्मीदवारों का नाम

नई दिल्ली,(एजेंसी)। फरवरी में दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव होना है। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी तैयारी में जुटी हुई है। आज आम आदमी पार्टी ने पीएसी की बैठक बुलाई है। पीएसी की बैठक में दिल्ली विधानसभा 2025 चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।



आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में जुट गई है। आम आदमी पार्टी ने आज पीएसी की बैठक बुलाई गई है। पार्टी आज उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 11 नाम शामिल हैं। इनमें से छह नेता ऐसे हैं, जो भाजपा या कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, आम आदमी पार्टी की सर्वोच्च फैसले लेने वाली संस्था पीएसी की बैठक आज हो रही है। पीएसी की बैठक में दिल्ली विधानसभा 2025 चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। बैठक में आप के दिग्गज नेताओं ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की। जिसके बाद 11 नामों वाली उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में ब्रह्म सिंह तंवर, बीबी त्यागी और अनिल झा का नाम शामिल है, ये हाल ही में भाजपा छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। वहीं जुबैर चौधरी, वीर सिंह धींगान और सुमेश शौकीन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं, ये कांग्रेस से आप में आए हैं।

# 'मोदी–अदाणी एक हैं तो सेफ हैं'




- राहुल गांधी ने गिरफ्तारी की उठाई मांग, प्रधानमंत्री पर भी लगाए आरोप
- वे भ्रष्टाचार के जरिए देश के संसाधनों पर कब्जा कर रहे

नई दिल्ली,(एजेंसी)। राहुल गांधी ने कहा कि श्नरेंद्र मोदी ने नारा दिया– एक हैं तो सेफ हैं। भारत में नरेंद्र मोदी और अदाणी एक हैं तो सेफ हैं। हिंदुस्तान में अदाणी का कुछ नहीं किया जा सकता है। यहां मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया जाता है और अदाणी 2,000 करोड़ का घोटाला कर के बाहर घूम रहे हैं। क्योंकि नरेंद्र मोदी उनकी रक्षा कर रहे हैं। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा उद्योगपति गौतम अदाणी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार और उद्योगपति गौतम अदाणी पर गंभीर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि श्अब ये साफ है कि अदाणी ने भारतीय और अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन किया है। मुझे हैरानी है कि अदाणी अभी तक देश में आजाद कैसे घूम रहे हैं?श राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि कई देशों में अदाणी के प्रोजेक्ट की जांच चल रही है और अदाणी भ्रष्टाचार करके देश की प्रतिष्ठा को कम कर रहे हैं। श्मोदी–अदाणी एक हैं तो सेफ हैंश राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि श्नरेंद्र मोदी ने नारा दिया– एक हैं तो सेफ हैं। भारत में नरेंद्र मोदी और अदाणी एक हैं तो सेफ हैं। हिंदुस्तान में अदाणी का कुछ नहीं किया जा सकता है। यहां मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया जाता है और अदाणी 2,000 करोड़ का घोटाला कर के आराम से बाहर घूम रहे हैं। क्योंकि नरेंद्र मोदी उनकी रक्षा कर रहे हैं। अमेरिका की जांच में कहा गया है कि अदाणी ने हिंदुस्तान और अमेरिका में अपराध किया है। मगर हिंदुस्तान में अदाणी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।श श्वे भ्रष्टाचार के जरिए देश के संसाधनों पर कब्जा कर रहेश राहुल गांधी ने कहा कि हमारी मांग है कि अदाणी को गिरफ्तार किया जाए और सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को पद से हटाएं और उनकी जांच करें। साथ ही उन्होंने जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के गठन की भी मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि श्लोकसभा में नेता विपक्ष होने के नाते ये मेरी जिम्मेदारी है कि हम इस मुद्दे को देश की जनता के सामने रखें। यह व्यक्ति (अदाणी) देश के संसाधनों पर भ्रष्टाचार के जरिए कब्जा कर रहा है। वह भाजपा की मदद कर रहा है। हम जेपीसी जांच और अदाणी की गिरफ्तारी की मांग करते हैं, लेकिन हमें ये भी पता है कि वह गिरफ्तार नहीं होंगे क्योंकि देश के प्रधानमंत्री, अदाणी का समर्थन करते हैं और उनकी रक्षा करते हैं।श राहुल ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को पद से हटाने की मांग की राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि माधबी पुरी बुच गौतम अदाणी को बचा रही हैं और भारत के रिटेल निवेशकों के निवेश को खतरे में डाला जा रहा है।

## कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(एजेंसी)। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने जम्मू कश्मीर सत्र अदालत के बीते साल सितंबर में दिए एक आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि इस देश में आतंकी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे संकेत दिए कि अदालत यासीन मलिक मामले में तिहाड़ जेल के भीतर ही कोर्ट रूम स्थापित करने का निर्देश दे सकती है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने जम्मू कश्मीर सत्र अदालत के बीते साल सितंबर में दिए एक आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। रूबिका सईद अपहरण मामले में होनी है सुनवाई यासीन मलिक फिलहाल तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। साथ ही जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिका सईद के अपहरण के मामले में सुनवाई चल रही है, जिसमें मलिक मुख्य आरोपी है। गौरतलब है कि बीते साल जम्मू कश्मीर की सत्र अदालत ने यासीन मलिक को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि श्यासीन मलिक की कोर्ट में पेशी ऑनलाइन भी नहीं हो सकती क्योंकि जम्मू में इंटरनेट की कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है।



## संबित पात्रा बोले– पीएम मोदी की विश्वसनीयता पर नहीं पड़ेगा असर

- जिन राज्यों का दस्तावेजों में जिक्र, वहां थी विपक्ष की सरकार, राहुल के आरोपों पर भाजपा का पलटवार





नई दिल्ली,(एजेंसी)। अदाणी मामले में कांग्रेस और राहुल गांधी की तरफ से केंद्र की भाजपा सरकार पर लगाए गए आरोपों का पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जवाब दिया। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मामले में कांग्रेस और विपक्ष को घेरते हुए कहा कि अमेरिकी कोर्ट में जो दस्तावेज दिए गए हैं, उनमें इन गड़बड़ियों को 2021 से 2022 के बीच के होने का आरोप लगाया गया है। इस दौरान हुई गड़बड़ियों को चार राज्यों का जिक्र किया गया है। इन राज्यों में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा शामिल हैं। पात्रा ने कहा कि बताए गए दौर में इन चारों राज्यों में न तो भाजपा की सरकार थी और न ही इन राज्यों में भाजपा समर्थित सरकार थी। चारों राज्यों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की सरकारें थीं। श्ये भारत पर हमला करने का राहुल का तरीकाश भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ष्राहुल गांधी के पास वही चंद नाम हैं, वही चंद तरीका है। उन्होंने उसी तरह से फिर भाजपा पर आरोप लगाया है। मुझे याद है कि राफेल को लेकर राहुल गांधी इसी तरह खड़े हुए थे। कोरोना के समय में भी वह इसी तरह प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे। ये राहुल गांधी का तरीका है भारत पर हमला करने का और जो स्ट्रक्चर भारत को बचाते हैं, उन पर हमला करने का।ष अदाणी मामले पर क्या बोले? अमेरिका में भारत की कंपनी को लेकर केस चल रहा है। अभी आक्षेप है। हमारा मानना है कि जब कंपनी के केस का विषय है तो कंपनी उस पर बयान जारी करेगी। कानून अपना काम करेगा। बिजली की खरीद और राज्यों की बिजली वितरक कंपनियों (एसडीसी) के साथ जो समझौता है।

यह पूरा मामला जुलाई 2021 से फरवरी 2022 के बीच का है।

अमेरिकी कोर्ट के केस में जिन चार राज्यों का नाम आता है, उनमें छत्तीसगढ़ की एसडीसी का नाम आता है।

## आसियान देशों की अहम बैठक में भारत को मिला है न्योता: राजनाथ सिंह

वियनतियाने,(एजेंसी)। रक्षा मंत्री ने कहा, ष्शांतिपूर्ण वार्ता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता रही है। सीमा विवाद, व्यापार समझौते जैसी वैश्विक चुनौतियों को लेकर हमारे दृष्टिकोण में स्पष्ट है।ष उन्होंने कहा, ष्खुली वार्ता से विश्वास बढ़ता है और स्थायी साझेदारी की नींव पड़ती है।ष भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओस में क्षेत्रीय सुरक्षा बैठक में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने सीमा विवाद, व्यापार समझौतों समेत कई मुद्दों आसियान देशों को अहम संदेश दिए। राजनाथ ने कहा कि शांतिपूर्ण वार्ता के लिए सीमा विवाद सुलझाना भारत की प्रतिबद्धता रही है। इस दौरान उन्होंने बौद्ध धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने हमेशा जटिल वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत की वकालत की है। रक्षा मंत्री ने कहा, ष्शांतिपूर्ण वार्ता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता रही है। सीमा विवाद, व्यापार समझौते जैसी वैश्विक चुनौतियों को लेकर हमारे दृष्टिकोण में स्पष्ट है।ष उन्होंने कहा, ष्खुली वार्ता से विश्वास बढ़ता है और स्थायी साझेदारी की नींव पड़ती है।ष बिना नाम लिए चीन को संदेश देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ष्भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का दीर्घकालिक हल तभी निकाला जा सकता है, जब देश एक–दूसरे के विचारों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि दुनिया में ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है, इसलिए समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को और ज्यादा गहराई से अपनाया जाए। दक्षिण चीन सागर के लिए प्रस्तावित आचार संहिता पर राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति को बढ़ावा देने के लिए नौवहन, उड़ान की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के पक्ष में है।



उन्होंने कहा कि भारत ऐसी आचार संहिता देखना चाहेगा, जिससे अलग–अलग देशों के हित पर उल्टा असर न पड़े।

## गौतम अदाणी पर भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने व धोखाधड़ी के आरोप

- अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी समूह पर क्या आरोप लगाए हैं?




नई दिल्ली,(एजेंसी)। अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी (62), उनके भतीजे सागर अदाणी और अन्य पर सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का आरोप लगाया। एक अनुमान के अनुसार इससे समूह को संभावित रूप से दो अरब डॉलर से अधिक का लाभ हो सकता है। अदाणी समूह के मुखिया उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिकी अभियोजकों ने भारत में सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए अपने पक्ष में शर्तें रखने के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर (करीब 21 अरब डॉलर) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। पिछले साल हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से शुरू हुए विवाद के बाद अदाणी समूह पर नए आरोप क्या हैं? सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का ताजा मामला क्या है? सबकुछ यहां जानें अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी समूह पर क्या आरोप लगाए हैं? अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी (62), उनके भतीजे सागर अदाणी और अन्य पर सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का आरोप लगाया। एक अनुमान के अनुसार इससे समूह को संभावित रूप से दो अरब डॉलर से अधिक का लाभ हो सकता है। अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया कि यह सब उन अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छुपाया गया, जिनसे अदाणी समूह ने इस परियोजना के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे। अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। अदाणी समूह से इस संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन फिलहाल उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। अमेरिकी अटॉर्नी ब्रायन पीस ने अदाणी समूह के खिलाफ क्या कहा? न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी ब्रायन पीस ने बयान में कहा, "प्रतिवादियों ने अरबों डॉलर के अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की एक विस्तृत साजिश रची।"

# संसाधन खुद जुटाएं

जब हर चीज और हर सेवा को कारोबार मान लिया गया है, तो विश्वविद्यालय प्रशासनों का यह सोचना बेजा नहीं है कि संपत्तियों का अधिक से अधिक मौद्रिक मूल्य प्राप्त किया जाए। उन संपत्तियों को भी जो मुफ्त में विश्वविद्यालयों को दी गई थीं। अमेरिका में मशहूर विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी जमीन या अन्य संपत्तियों को बेचने की खबरें कई वर्षों से चर्चित हैं। आज की कारोबारी भाषा में इन्हें संपत्ति को मोनेटाइज करना कहा जाता है। नव–उदारवादी दौर में जब हर चीज और हर सेवा को कारोबार मान लिया गया है, तो विश्वविद्यालय प्रशासनों का यह सोचना बेजा नहीं है कि संपत्तियों का अधिक से अधिक मौद्रिक मूल्य प्राप्त किया जाए। यह दीगर बात है कि कभी जब शिक्षा को सामाजिक जरूरत माना जाता था, तब सार्वजनिक स्वामित्व वाली संपत्तियां मुफ्त में या बेहद रियायती दरों पर विश्वविद्यालय को दी गई थीं। बहरहाल, अब यह ट्रेंड भारत पहुंच गया है। दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) अपनी दो संपत्तियों को बेचने की तैयारी में है। तर्क है कि विश्वविद्यालय गंभीर वित्तीय संकट में है। इसलिए विश्वविद्यालय ने अपनी दो संपत्तियों– गोमती गेस्ट हाउस और 35, फिरोज शाह रोड को बेचने की योजना बनाई है। इसके अलावा शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिख कर जेएनयू ने अपनी संपत्तियों पर चल रहे 12 राष्ट्रीय संस्थानों का किराया मांगने का इरादा भी जताया है।शिक्षक संगठनों ने उचित ही इस कथित वित्तीय संकट के लिए सरकारी नीति को जिम्मेदार ठहराया है। उनके मुताबिक जब मुद्रास्फीति के अनुपात में सरकार उच्च शिक्षा का बजट नहीं बढ़ा रही है, तो ऐसी स्थिति आनी ही है। गौरतलब है कि केंद्र पहले ही शोध अनुदान, लाइब्रेरी फंड आदि में कटौती कर चुका है। सवाल है कि इस नीति का क्या परिणाम होगा? जाहिर है, धीरे–धीरे यह सोच लागू कर दी जाएगी कि विश्वविद्यालय अपने संसाधन खुद जुटाएं। नतीजतन शिक्षा इतनी महंगी हो जाएगी कि वह आम परिवारों की पहुंच से बाहर हो जाएगी। मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकी शिक्षा के मामले में ऐसा पहले ही हो चुका है। अब सामान्य शिक्षा को भी सुविधा–संपन्न तबकों का विशेषाधिकार बनाया जा रहा है। इसका एक परिणाम यह भी होगा कि देश सामान्य परिवारों से आने वाली प्रतिभाओं की सेवा से वंचित हो जाएगा। इस सिलसिले में यह तथ्य सबको याद रखना चाहिए कि शिक्षा, शोध और विज्ञान में बिना सार्वजनिक बड़े निवेश के कोई समाज आगे नहीं बढ़ा है।

# भारत में स्वास्थ्य सेवा में बदलाव

विनोद के पॉल

राजू (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बिमारी से पीडिघ्त होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गए। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला,लेकिन उन्होंने इसको ज्यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में, राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी ।आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरु करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई।



आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द–गिर्द बुनी गई हैं।

बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम–जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी–भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है।योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें निरूशुल्क परामर्श, और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निरूशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं।

वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो–तरफा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग–थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश्यकता है।

इस योजना के कार्यान्वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख्या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़कर 1949 हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में क्षेत्रीय भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, विभेदक मूल्य निर्धारण की अवधारणा शुरू की गई है। साथ ही, स्थानीय संदर्भ के अनुसार एचबीपी दरों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त लचीलापन प्रदान किया गया है।सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने और व्यवस्था में दुरुपयोग की गुंजाइश को कम करने के लिए पीएमजेएवाई स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी–संचालित है, और पेपरलेस या कागज रहित होने के साथ–साथ कैशलेस या नकदी रहित भी है। इसमें प्रतिपूर्ति या सह–भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि अधिकांश दावों का निपटान समय पर होता है, लेकिन राज्यों के साथ साझेदारी में और सुधार लाने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं।

इस योजना की सफलता और जन कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के कारण इस वर्ष इसके दायरे को बढ़ाने के लिए दो बड़े कदम उठाए गए हैं। अंतरिम बजट में सरकार द्वारा इस योजना को विस्तारित करते हुए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लगभग 37 लाख परिवारों को इसके दायरे में लाया गया। दूसरा, भारत की बढ़ती जीवन प्रत्याशा के मद्देनजर, एक और बड़ा कदम सरकार का 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति की परवाह न करते हुए पीएमजेएवाई कवरेज देने का निर्णय है। इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। भारत में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की स्वास्थ्य से संबंधित 75वें चरण की रिपोर्ट से पता चलता है कि इस आयु वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होने की दर 11 प्रतिशत से अधिक है। लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एलएएसआई) की 2021 की रिपोर्ट से पता चलता है कि 75 प्रतिशत बुजुर्गों को एक या एक से अधिक पुरानी बीमारियां हैं, 40 प्रतिशत को किसी न किसी तरह की विकलांगता है, और 4 में से 1 बहु–रुग्णता से पीडिघ्त है। उल्लेखनीय रूप से, 58 प्रतिशत बुजुर्ग आबादी महिलाओं की है, जिनमें 54 प्रतिशत विधवाएं हैं। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित अनेक निजी बीमा उत्पादों के विपरीत, पीएमजेएवाई किसी भी वरिष्ठ नागरिक को पहले से चली आ रही बीमारी के कारण बाहर नहीं करता हैय न ही यह लाभ देने से पहले किसी वर्ष की प्रतीक्षा अवधि की शर्त रखता है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके यह योजना उन्हें स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में समर्थ बनाती है।

पीएमजेएवाई सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य क्षेत्रों को एक राष्ट्र, एक प्रणाली के सूत्र में जोड़ता है। वर्तमान में, पीएमजेएवाई के पास 29,000 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों का अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिनमें लगभग 13,000 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा, इनमें से लगभग 25,000 अस्पताल टियर–2 और टियर–3 शहरों में स्थित हैं। निजी क्षेत्र में अधिकृत अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और मात्रा का अनुपात क्रमशरू 57 प्रतिशत और 67 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी को दर्शाता है। लाभार्थी के पास राज्य के दिशा–निर्देशों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पताल, सार्वजनिक या निजी, चुनने का विकल्प मौजूद है।

इस योजना ने अनेक राज्यों में सरकारी अस्पतालों में भी सेवा प्रदायगी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। इन अस्पतालों ने अपनी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए योजना के तहत प्रतिपूर्ति की गई धनराशि का उपयोग किया है। कवरेज और पहुंच की बढ़ती रफ्तार के साथ पीएमजेएवाई में टियर 2 और 3 शहरों में एक ऐसे बाजार के निर्माण के जरिए निजी अस्पतालों के विकास को बढ़ावा देने की क्षमता मौजूद है, जहां पहले भुगतान क्षमता की कमी के कारण मांग पूरी नहीं हो पाती थी।

हाल ही में एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री द्वारा किए गए अध्ययन (घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022–23 से इकाई–स्तरीय डेटा पर आधारित) में निष्कर्ष निकाला गया है कि पिछले 10 वर्षों में हमारी आबादी का निचला 50 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा व्यय से संबंधित आघातों के प्रति काफी कम संवेदनशील हो गया हैय और यह प्रवृत्ति निकटता से पीएमजेएवाई से संबद्ध है।आज बहुत से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं और साथ ही अपनी संपत्ति और बचत का भी संरक्षण कर पा रहे हैं।आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तत्पर है। आखिरकार,अच्छा स्वास्थ्य, कल्याण, राष्ट्रीय उत्पादकता और समृद्धि का आधार है।

# आज के दौर में अपेक्षित प्रतिक्रियाएं

रिपोर्ट शैक्षिक स्वतंत्रता के बारे में है, इसलिए संभवतरू इसकी भारत में ज्यादा चर्चा नहीं होगी। रिपोर्ट चर्चित हो, तो सरकार उसे ठुकरा देगी। सत्ता पक्ष का जवाब आएगा कि यह पूर्वाग्रह से ग्रस्त रिपोर्ट है। ये सब आज के दौर में अपेक्षित प्रतिक्रियाएं हैं।

जिन समाजों में आविष्कार होते हैं और जिनकी निगाह भविष्य पर टिकी होती है, वहां दिमागी आजादी पर सीमाएं लगाने की कोशिश सामान्यतरू नहीं होती। बल्कि यह मान्यता प्रचलित है कि दिमागी नियंत्रण से बेहतर है, दिमागी नटखटपन को सहना। जबकि एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि पिछले दस साल में भारत में शैक्षिक स्वतंत्रताएं बहुत सिमट गई हैं। स्कॉलर्स ऐट रिस्क (एसएआर) नाम की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने अपना ताजा शैक्षिक स्वतंत्रता सूचकांक जारी किया है। एसएआर 665 विश्वविद्यालयों का नेटवर्क है, जिसने विभिन्न देशों में शैक्षिक स्वतंत्रता की स्थिति मापने का एक पैमाना विकसित किया है।

ताजा रिपोर्ट श्फ्री टू थिंक– 2024य शीर्षक से जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि एक जुलाई 2023 से 30 जून 2024 के बीच 51 देशों में उच्चतर शिक्षा से जुड़े समुदायों की आजादी पर 391 प्रहार किए गए। इन देशों में भारत का खास उल्लेख है। 2013 में एसएआर के सूचकांक पर भारत को 0.6 अंक प्राप्त हुए थे। 2024 में इस पर भारत को सिर्फ 0.2 अंक मिले हैं। इस तरह भारत को एसएआर ने श्पूर्णतरू नियंत्रितय देशों की श्रेणी में डाल दिया है। इस संस्था ने एक ऐतिहासिक डेटाबेस भी तैयार किया है। उसकी रोशनी में इसने कहा है कि भारत में आज शैक्षिक स्वतंत्रता की स्थिति 1940 के दशक के मध्य के बाद से सबसे निचले स्तर पर है।

रिपोर्ट में भारत पर शैक्षिक स्वंत्रता पर प्रहार की कई मिसालों का जिक्र है। कहा गया है– श्भारत में छात्रों और विद्वानों की शैक्षिक स्वतंत्रता के सामने जो सबसे बड़े खतरे दरपेश हैं, उनमें विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालयों की राजनीति, एवं छात्र प्रतिरोध को नियंत्रित करने और हिंदुत्व का एजेंडा थोपने के भारतीय जनता पार्टी के प्रयास भी शामिल हैं।य चूंकि यह रिपोर्ट शैक्षिक स्वतंत्रता के बारे में है, इसलिए संभवतरू इसकी भारत में ज्यादा चर्चा नहीं होगी। रिपोर्ट चर्चित हो, तो सरकार उसे ठुकरा देगी। सत्ता पक्ष का जवाब आएगा कि यह पूर्वाग्रह से ग्रस्त रिपोर्ट है। ये सब आज के दौर में अपेक्षित प्रतिक्रियाएं हैं। मगर उनसे इस रिपोर्ट से उठे मूलभूत प्रश्नों के उत्तर नहीं मिलेंगे।

# आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# जाँच कड़ी ही नही औचक भी होनी चाहिए

रजनीश कपूर

मामला देश की एक नई निजी एयरलाइन का है। इसके पास मात्र 25 हवाई जहाज हैं। हाल ही में उनमें से 14 हवाई जहाजों में रडर कंट्रोल सिस्टम्य (पतवार नियंत्रण सिस्टम) को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए द्वारा नोटिस दिया गया। गौरतलब है कि रडर कंट्रोल सिस्टम्य विमान को इंजन फेल होने की स्थिति में उसके निर्धारित मार्ग में चलने में सहायता करता है। इसके अलावा विमान के टेक–ऑफ और लैंडिंग के समय भी विमान को सही दिशा में रखने में सहायक होता है।

आज की व्यस्त जिंदगी में हम सभी समय को काफी महत्व देते हैं। कहीं भी यात्रा करनी हो तो हम कोशिश करते हैं कि यात्रा जल्द से जल्द पूरी हो। ऐसे में जो भी लोग हवाई यात्रा का वहन कर सकते हैं वे फ्लाइट से यात्रा करना ही पसंद करते हैं। इसी तरह जो भी व्यक्ति हवाई यात्रा में भी विशिष्ट सेवा लेना चाहते हैं वे निजी चार्टर कंपनियों की सेवा लेते हैं और अपनी सुविधानुसार यात्रा करना पसंद करते हैं। बीते कुछ दशकों में हमारे देश में हवाई यात्रा के आँकड़े काफी तेजी से बढ़े हैं। इसके लिए निजी कंपनियों का नागरिक उड्डयन क्षेत्र में आना एक अहम कारण माना जाता है।अधिक से अधिक निजी एयरलाइन के आने से हवाई यात्रियों को अपनी सुविधानुसार यात्रा करने का विकल्प भी मिला है। परंतु जिस तरह निजी क्षेत्र के यह ऑपरेटर प्रायरू मुनाफा कमाने की मंशा से यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर जाते हैं वह चिंताजनक है। आए दिन हमें इस बात की खबरें मिलती हैं कि पुराने इंजन या पुजर्घें के चलते कई निजी कंपनियों के विमानों को ग्राउंड्य होना पड़ा। कल्पना कीजिए कि यदि किसी विमान में खराब इंजन या अयोग्य पाइलट की वजह से कोई हादसा हो जाए तो दोष किसका होगा, विमान कंपनी का या नागरिक उड्डयन मंत्रालय का, या दोनों का

ताजा उदाहरण देश की एक नई निजी एयरलाइन का है जिसके पास मात्र 25 हवाई जहाज ही हैं। हाल ही में उनमें से 14 हवाई जहाजों में रडर कंट्रोल सिस्टम्य (पतवार नियंत्रण सिस्टम) को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए द्वारा नोटिस दिया गया। गौरतलब है कि रडर कंट्रोल सिस्टम्य विमान को इंजन फेल होने की स्थिति में उसके निर्धारित मार्ग में चलने में सहायता करता है। इसके अलावा विमान के टेक–ऑफ और लैंडिंग के समय भी विमान को सही दिशा में रखने में सहायक होता है।रडर कंट्रोल सिस्टम्य का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक व मैन्युअल दोनों तरीकों से किया जा सकता है। अधिकतर परिस्थितियों में रडर कंट्रोल सिस्टम्य का इस्तेमाल मिड–एयर या यात्रा के दौरान नहीं किया जाता। मिसाल के तौर पर यदि आप सड़क पर अपनी गाड़ी को 100 की स्पीड से चला रहे हैं और ऐसे में यदि आप अपनी गाड़ी का स्टीयरिंग जरा सा भी दाँय या बाएँ करेंगे तो कितनी गंभीर दुर्घटना हो सकती है आप इसका अनुमान लगा सकते हैं। ऐसे में यदि रडर कंट्रोल सिस्टम्य जाम हो जाए या सही रख–रखाव न होने के कारण उसमें कोई तकनीकी दिकघ्कघ्त आ जाए तो विमान दुर्घटना ग्रस्त भी हो सकता है।

यदि किसी भी एयरलाइन में, फिर वो चाहे शेड्यूल एयरलाइन हो या नॉन–शेड्यूल एयरलाइन, अनुभवी पायलट न हों तो वो इस आपात स्थिति से निपट नहीं पाएगा। यहाँ पर सवाल उठता है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय व डीजीसीए चुनिंदा निजी विमान कंपनियों व कुछ निजी चार्टर कंपनियों के प्रति इतनी उदार क्यों होती हैं कि उनके विमान व पायलटों



की कड़ी जाँच नहीं करतीजाँच केवल कड़ी ही नहीं औचक भी होनी चाहिए जिससे कि हर विमान कंपनी चलाने वाले के दिल में इस बात का डर बैठा रहे कि मुनाफे के लालच में और भ्रष्टाचार के चलते वह यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ न कर सके। वहीं डीजीसीए में ऐसे तकनीकी विशेषज्ञ अवश्य हों जो खघनापूर्ति की नीयत से नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से ही विमानों और पायलटों की नियम अनुसार जाँच करें। सरकारी तंत्र का हिस्सा बनकर खघनापूर्ति करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों की भी जाँच मंत्रालय के सतर्कता विभाग से की जानी चाहिए।

हाल ही में फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक सुरक्षा चेतावनी जारी की, जिसमें कोलिन्स एयरोस्पेस एसवीओ–730 रडर रोलआउट गाइडेंस एक्चुएटर्स (आरआरजीए) से लैस कुछ बोइंग 737 विमानों में प्रतिबंधित या जाम रडर कंट्रोल सिस्टम्य की संभावना के बारे में ऑपरेटरों को चेतावनी दी गई। इस चेतावनी में आगे कहा गया कि नमी जमा होने से, रडर कंट्रोल सिस्टम्य उड़ान के दौरान जाम हो सकता है। इतना ही नहीं लैंडिंग के दौरान भी रडर कंट्रोल सिस्टम्य जाम हो सकता है।फ्लाइट क्रू को सलाह दी जाती है कि वे प्रतिबंधित रडर कंट्रोल सिस्टम्य स्थितियों से निपटने के लिए बोइंग की प्रक्रियाओं का पालन करें और ऑटोपायलट सिस्टम का उपयोग करके जांच करें। सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस को अलर्ट और प्रासंगिक बोइंग मार्गदर्शन से परिचित होना चाहिए। बोइंग ने अगस्त में रडर कंट्रोल सिस्टम्य की समस्या से प्रभावित बोइंग 737 ऑपरेटरों को पहले ही सूचित कर दिया था। अब एफएए ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा स्वचालित जांच लैंडिंग से पहले रडर कंट्रोल सिस्टम्य की सीमाओं का पता लगा सकती है।

गौरतलब है कि अमरीका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन कि यह चेतावनी दुनिया भर की एयरलाइन को गई है कि वह इस तकनीकी खराबी की गहन जाँच करें। हालाँकि भारत की इस निजी एयरलाइन ने यह स्पष्टीकरण दिया है कि इस नोटिस से उसके विमान परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह कमी दूर करने का प्रयास करेगी। परंतु एविएशन विशेषज्ञों के मुताबिकघ, भारत में एक ही कंपनी के 25 में से 14 विमानों में ऐसा पाया जाना एक गंभीर समस्या है। लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि क्या इस नई कंपनी द्वारा कम समय में अधिक मुनाफा कमाने के चलते ऐसा हुआक्या इस कंपनी के पास तकनीकी विशेषज्ञों की कमी है क्या भारत सरकार के डीजीसीए कुछ चुनिंदा अधिकारियों द्वारा इस त्रुटि का जानबूझकर अनदेखा किया गया जो भी कारण हो इसकी जाँच अवश्य होनी चाहिए क्योंकि निजी एयरलाइन हो या निजी चार्टर कंपनी किसी को भी यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कोई हकघ नहीं है। देखना यह है कि आनेवाले समय में नागरिक उड्डयन मंत्रालय या डीजीसीए इन कमियों की कैसे जाँच करती है और ऐसी गलतियों पर इन एयरलाइन कंपनियों को क्या सजा देती है

# अमृत कलश टाइम्स

हिन्दी दैनिक




## अतिक्रमण मुक्त कराया



प्रयागराज। बाबा चौराहा से लेकर सर्किट हाउस होते हुए इन्द्रा गांधी चौराहा से धोबीघाट से हीरा हलवाई से बालसन चौराहा (थार्निल रोड वर्तमान में महार्षि दायानन्द मार्ग) दमन रोड एवं सरोजनी नायडू मार्ग तक नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमण से पहले व अतिक्रमण के हटाने के बाद की फोटोग्राफी करायी गयी एवं दोनों तरफ की पटरियों साफ करायी गयी तथा कुल जुर्माना रू0–7200७– शमन शुल्क वसूला गया। अतिक्रमण में हटाने में थाना सिविल लाइन्स, प्रयागराज का सहयोग लिया गया। तथा इस सम्बन्ध में सिविल लाइन्स थाने को अवगत करा दिया गया है कि शासनादेशानुसार उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न हो इसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित थाने की है।

## हिन्दी विभाग ने अपने पुरा छात्र की जन्मशती का आयोजन



प्रयागराज। हिन्दी में पुराद्वान साहित्यकर्मी, कवि अनुवारक एवं रूसी भाषा के अ ध्य ा प क (स्वर्गीय गोपी– – कृष्ण गोपेश के जन्मशती प्रारम्भ के अवसर पर दिनांव 19 नवम्बर से हिन्दी विभाग के 37 चीरेन्ड वर्मा सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। विभाग के शोध छात्रों तथा अन्य कक्षा के छात्रों की– उपीकात में षगोपेश में व्यक्तित्व और कृतित्वष पर विभाम विस्तार से चर्चा की प्रो० प्रशामकृष्ण तथा प्रो० संतोष भसैरिया को इस अवसर पर आए हुए सभी अतिकियों का स्वागत विभात्राध्यक्ष प्रो० लालसा 3 सादव ने किया। कार्यक्रम की अस्यक्षता की लोकृत के प्राचार्य तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित विद्वान डो० हरिदत्त शर्मा ने अंग्रेजी की प्राचार्य तथा साहित्य अकादघ्मी पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य प्रो० कीलम सरन गौड मुख्य अतिथि रही। उस अवसर पर षरिमलष में स्थापना के समय में गोपेश के मित्र–साली प्रो० श्याम किशोर सेठ की उफीति उल्लेखनीय और विशिष्ट रही। खाद गुप्त कारा कार्यक्रम का प्रारम्भ विभाग के प्राध्यापन १० लक्ष्मण इम्स के गोपेश कीश कविता–बाढ से हुआ। तत्पश्चात थे० संतोष भरोहिया ने गोपेश की कृतियों से उजागर गोपेश के जीवन संघर्ष और सादित्य के उत्तरोतर आगे की आत्रा का भाव पूर्वक वर्णन किया। उनकी कविताओं पर उत्तर दामाबाद के कवियों को रेवंकित करते हुए प्रो० मौरिया ने अनुबद के क्षेत्र में उनके महनीय अनदान की सोदाहरण चर्चा की।

## जी.एम फसलों के खिलाफ भारतीय किसान संघ आंदोलित।



प्रयागराज। भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के जिला प्रयागराज का प्रतिनिधि मंडल ने प्रयागराज लोकसभा सांसद उज्जवल रमण सिंह के प्रतिनिधि विनय कुशवाहा को राष्ट्रीय जीएम नीति बनाने में देश के किसानों की राय को शामिल करने की मांग का एक ज्ञापन पत्र सौंपा और आगामी शीतकालीन सत्र में इस विषय पर संसद में प्रश्न के माध्यम से चर्चा करने का आग्रह भी किया गया।

## काउंटिंग की तैयारी में जुटी भाजपा

प्रयागराज। 20 नवंबर को हुए फूलपुर उप विधानसभा चुनाव के बाद अब भारतीय जनता पार्टी संगठन ने काउंटिंग की तैयारी कर दी है जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मतगणना के बाद कार्यकर्ता एवं पोलिंग एजेंटों से पोलिंग पर हुए मतदान को लेकर भाजपा संगठन के द्वारा पोलिंग पर पड़े वोट और वोट प्रतिशत का आंकड़ा लिया गया और 23 नवंबर को होने वाले मतगणना की तैयारी शुरू कर दी गई है जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा जिससे की काउंटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और जिस कार्यकर्ता को काउंटिंग की जिम्मेदारी दी जाएगी उसे जिला प्रशासन के द्वारा आई हुई गाइडलाइन से अवगत कराया जाएगा और काउंटिंग के दौरान लगने वाले सभी प्रपत्र एकत्र किए जाएंगे।

## प्रयागराज खेल महोत्सव 2024 अवार्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स सेरिमनी 23 नवंबर



प्रयागराज। ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप का कॉलेज के तत्वाधान में चल रहे प्रयाग खेल महोत्सव 2024 का अवार्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का आयोजन कॉलेज की डायरेक्टर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह के संयोजन में 23 नवंबर को शाम चार बजे ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा जिसके चीफ गेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार युवराज सिंह होंगे मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कॉलेज के द्वारा केपी ग्राउंड के प्रांगण में 15 नवंबर से 22 नवंबर तक चल रहे प्रयाग खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को जिन्होंने अपने द्वारा चयनित किये गए खेल की स्पर्धा में विनर और रनर रहे हैं उन खिलाड़ियों को चीफ गेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार युवराज सिंह के द्वारा सम्मानित करते हुए अवार्ड वितरित किए जाएंगे

## कैंसर से बचाव स्वस्थ जीवनशैली और जागरूकता से संभव– डॉ0 शिखा दरबारी


प्रयागराज। इनरव्हील क्लब ऑफ ईस्ट प्रयाग राज द्वारा आज उत्तर मध्य साँस्कृतिक केंद्र में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। समारोह में बोलते हुए गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ शिखा दरबारी, पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त इलाहाबाद ने कहा कि कैंसर जो एक गंभीर और घातक बीमारी है, तेजी से लोगों को प्रभावित कर रही है। परंतु सही जानकारी और उचित कदम उठाकर इससे बचा जा सकता है। कैंसर से बचाव के लिए जीवनशैली में सुधार, सही आहार, और नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर कृतिका अग्रवाल, डॉक्टर रीता जोशी, डॉक्टर चौरसिया, ममता गुप्ता, आशा अग्रवाल, सुनीता जैन, ज्योति श्रीवास्तव, डॉक्टर सुधा त्रिपाठी एवं उदय प्रताप सिंह सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान इनरव्हील क्लब द्वारा डॉक्टर शिखा दरबारी को उनके द्वारा लिए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए क्लब द्वारा आनरेरी पिन प्रदान किया गया तथा अन्य लोंगो को भी समाज मे उत्कृष्ट कार्य के लिए क्लब द्वारा सम्मानित किया गया।

# सहायक अभियंता के 550 पदों पर होगी भर्ती, दिसंबर में शुरू होगा आवेदन




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) जल्द ही सहायक अभियंता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके लिए आयोग को रिक्त पदों का अधियाचन काफी पहले मिल चुका है और अब भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने में आ रही तकनीकी अड़चन को भी दूर कर लिया गया है। आवेदन की प्रक्रिया दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगी। आयोग के उप सचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा (सामान्यधविशेष चयन)–2024 का विज्ञापन दिसंबर के पहले सप्ताह में संभावित है। इस परीक्षा के तहत 550 पदों पर भर्ती की जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 12 जनवरी 2024 को जारी परीक्षा कैलेंडर में ही स्पष्ट कर दिया था कि पाठ्यक्रम और परीक्षा योजना के संदर्भ में शासन से अनुमोदन मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जनवरी 2024 तक आयोग को सहायक अभियंता के तकरीबन 100 पदों का अधियाचन मिल चुका था। बाद में विभागों की ओर नए पदों का अधियाचन भी आयोग को भेजा गया। यूपीपीएससी को अब तक 50 पदों का अधियाचन मिल चुका है। परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम को लेकर शासन से हरी झंडी मिलने के बाद अब आयोग दिसंबर के पहले सप्ताह में इस भर्ती का विज्ञापन जारी करने जा रहा है। इससे पूर्व आयोग ने अगस्त–2021 में सहायक अभियंता के 283 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था, जिसमें सामान्य चयन के 271 पद और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में विशेष चयन के 12 पद शामिल थे। भर्ती के लिए 92787 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे, जिनकी लिखित परीक्षा 29 मई 2022 को आयोजित की गई थी। वर्ष 2021 के विज्ञापन के तहत लोक निर्माण विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग, नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, आवास एवं विकास परिषद, भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, गृह (पुलिस) विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में भर्तियां की गईं थीं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के लिए नए साल में लंबित भर्ती परीक्षाएं चुनौती बनेंगी। आयोग जहां दिसंबर के पहले सप्ताह सहायक अभियंता के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने जा रहा है। वहीं, एलटी ग्रेड शिक्षक, बीईओ, प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसरसमेत कई भर्तियों के लिए आयोग को पहले ही अधियाचन मिल चुके हैं। वहीं, 20 अक्तूबर को 2024 को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (अध्यापन) सेवा परीक्षा–2021 और 17 नवंबर 2024 को प्रस्तावित वैज्ञानिक अधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा–2023 को स्थगित किए जाने के बाद अब ये दोनों परीक्षाएं भी अगले साल होंगी। आरओ / एआरओ प्रारंभिक परीक्षा–2023 भी अगले साल होनी है। ऐसे में आयोग को अगले साल प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के साथ ऐसी कई भर्तियां पूरी करानी होंगी।

# डेकोरेटिव लाइट्स से महाकुंभ बनेगा भव्यता का प्रतीक, योगी सरकार का अनूठा प्रयास




प्रयागराज ।महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार अनेक अभिनव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पूरे मेला क्षेत्र को डेकोरेटिव लाइट्स से सजाया जा रहा है। 8 करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. की ओर से पूरे मेला क्षेत्र में 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल का जाल बिछाया जा रहा है। संगम जाने वाली हर प्रमुख सड़क पर यह अलौकिक पोल और लाइट श्रद्धालुओं का स्वागत करती नजर आएगी। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभव देगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करेगा। अधीक्षण अभियंता महाकुंभ मनोज गुप्ता ने बताया कि सीएम योगी की। मंशा के अनुरूप महाकुंभ को भव्य रूप देने के लिए विद्युत विभाग बड़े पैमाने पर कार्य कर रहा है। डेकोरेटिव लाइट्स और डिजाइनर पोल्स उसी का हिस्सा है। मेला क्षेत्र में लाल सड़क, काली सड़क, त्रिवेणी सड़क और परेड के सभी मुख्य मार्गों को आकर्षक डेकोरेटिव लाइट्स से रोशन किया जा रहा है। ये लाइट्स भगवान शंकर, गणेश और विष्णु को समर्पित हैं, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सौंदर्य का अनुभव कराएंगी। अधिशाषी अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 8 करोड़ से ज्यादा की लागत से 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। इस बार टेंपरेरी की बजाय स्थायी पोल्स का निर्माण किया गया है, जो महाकुंभ के बाद भी क्षेत्र की रौनक बनाए रखेंगे। हर पोल को कलश और देवी–देवताओं की आकृतियों से सजाया गया है, जो मेले के वातावरण को सांस्कृतिक वैभव से भर देंगे। 15 दिसंबर तक सभी डेकोरेटिव लाइट्स का कार्य संपन्न कर लिया जाएगा, जिसके बाद रात में मेला क्षेत्र की आभा देखते ही बनेगी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए यह विद्युत विभाग की ओर से एक अभूतपूर्व पहल है। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक प्रतीकों के मेल से यह परियोजना महाकुंभ को विश्वस्तरीय भव्य आयोजन का दर्जा देगी। महाकुंभ के लिए लगाए गए ये डेकोरेटिव पोल्स स्थायी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में आने वाले पर्यटक भी लंबे समय तक इस भव्यता का आनंद ले सकेंगे। डेकोरेटिव लाइट्स से सजे इस महाकुंभ में हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गर्व का अनुभव होगा। यह पहल महाकुंभ को भारतीय संस्कृति की भव्यता और आधुनिक विकास का अद्वितीय प्रतीक बनाएगी।

## भीड़भाड़ वाले इलाकों में आसान होगी पहुंच

प्रयागराज। आग से जुड़ी ज्यादातर बड़ी घटनाओं में, कर्मियों को अक्सर भीड़भाड़ वाले इलाकों का सामना करना पड़ता है, जिससे आग बुझाने के प्रयासों में बाधा आती है। उन इलाकों में दमकल गाड़ियों को ले जाना या उनका संचालन करना मुश्किल होता है। इसके परिणामस्वरूप काफी समय बर्बाद होता है। हम एक ऐसा समाधान चाहते थे जिससे हम भीड़भाड़ वाले इलाकों में जल्दी पहुंच सकें और तुरंत ऑपरेशन शुरू कर सकें। महाकुंभ में जब सभी क्षेत्रों में भारी भीड़ मौजूद रहेगी तब आपातकाल स्थितियों में यह वाहन चंद सेकेंड्स में घटनास्थल पर पहुंच सकेंगे। त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए तेजी से चलने की क्षमता के साथ, यह वाहन विभिन्न प्रकार की आग बुझाने में सक्षम होंगे। यह वाहन रेत, कीचड़ और उबड़ खाबड़ इलाकों के साथ–साथ छिछले पानी में भी चलने में सक्षम है। रेत पर जब वाहन फंस जाता है तब यह बूस्ट मोड में काम करता है जिससे इसके चारों पहिए काम करने लग जाते हैं। यह मात्र 4 घंटे में ही चार्ज हो जाता है और 8 घंटे तक काम करता है। यह 60 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है।


## आकांक्षा समिति ने भी किया भी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

प्रयागराज ।मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 39वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन के आयोजन के अवसर पर मण्डल आकांक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती हेमा पंत एवं जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्षा, संयुक्त आयुक्त आयकर प्रयागराज डॉ0 कविता के निर्देशन में आकांक्षा समिति प्रयागराज के द्वारा समाज की कमजोर एवं निर्बल वर्ग की महिला धावकों के प्रतिभाग करने हेतु 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आकांक्षा समिति की ओर से लगभग 30 महिला खिलाड़ियों ने इंदिरा मैराथन की दौड़ के साथ–साथ आकांक्षा समिति द्वारा आयोजित 100 मीटर की दौड़ में भी प्रतिभाग किया गया। दूर–दराज की महिलाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने एवं उनको घर तक वापस पहुंचाने हेतु विशेष रूप से साधन मुहैया करायें गये। इंदिरा मैराथन में 41 किमी दौड़ पूरी करने वाली धाविका कु0 मनीषा सोनकर द्वारा भी आकांक्षा समिति द्वारा आयोजित 100 मीटर की दौड़ में प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती डॉ0 कविता ने आकांक्षा समिति का उद्देश्य जनपद में वंचित और हासिये पर रहने वाली महिलाओं व बच्चों की क्षमता विकास व सशक्तिकरण की सुविधा प्रदान करना है। इस अवसर पर समिति की सदस्यागण श्रीमती भारती मीणा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, श्रीमती रत्नप्रिया अपर आयुक्त प्रथम, श्रीमती आकांक्षा सिंह एसडीएम कोरांव, श्रीमती नीलम उपाध्याय एसडीएम न्यायिक हण्डिया एवं सुश्री प्रेरणा गौतम एसडीएम न्यायिक बारा भी उपस्थित रहे।

## साई ने फाफामऊ क्लब को हराया

प्रयागराज। साई क्लब ने फाफामऊ क्लब को 45 रन से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज अंडर–14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में साई क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 143 रन (हर्षित 49, विक्की 38, रमन सिंह 3७29, मोहम्मद नुजैफ 2७23) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 27.2 ओवर में 98 रन (मोहम्मद नुजैफ 25, आर्यन यादव 13 नाबाद, मोहम्मद साहिल 3७15, वरुण 3७19, पुष्पेंद्र कुमार 2७23) पर सिमट गई। मैच में अजय कुमार व नितिन यादव अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

# ज्ञानवापी स्थित वुजूखाना के सर्वे मामले की नहीं हो सकी सुनवाई, अब दो दिसंबर को मिली नई डेट



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजूखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआइ से सर्वे मामले में आज लंच बाद सुनवाई नहीं हो सकेगी। कोर्ट ने अगली तारीख दो दिसंबर नियत कर दी है। यह जानकारी सिविल पुनरीक्षण याचिका दायर करने वाली राखी सिंह के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने दी है। काशी और मथुरा के बाद संभल की जामा मस्जिद का मामला कोर्ट पहुंच गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने अपने पिता व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन सहित आठ लोगों की ओर से मंगलवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) में वाद दायर किया है। उनका दावा है कि संभल की शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। इस मुकदमे में नोएडा निवासी पार्थ यादव और वेदपाल सिंह, संभल निवासी महंत ऋषिराज गिरि, राकेश कुमार, जीतपाल यादव, मदनपाल और दीनानाथ भी वादी हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है। सर्वे की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्र्राफी और फोटोग्राफी भी होगी। आदेश के बाद देर शाम वीडियोग्राफी कराई गई। डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क व विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहेल इकबाल ने भी मौके पर आकर अधिकारियों से बात की। वाद में भारत संघ को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट 29 नवंबर को अगली सुनवाई करेगा। इस दिन एडवोकेट कमिश्नर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। 95 पेज के वाद में दावा किया गया है कि भगवान कल्कि का जन्म संभल में ही होना है। कई प्रमाण से स्पष्ट है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ही मस्जिद का निर्माण कराया गया है। सर्वे के बाद वास्तविकता सामने आ जाएगी। जामा मस्जिद समिति की ओर से इसका अनाधिकृत रूप से उपयोग किया जा रहा है। कोर्ट के आदेश मिलने के बाद एडवोकेट कमिश्नर वीडियो ग्राफी करने जामा मस्जिद पहुंच गए। उनके साथ वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन भी थे। रात करीब आठ बजे सांसद व अन्य लोगों के आने पर उनसे अधिकारियों ने बात की है। नौ बजे के करीब एघ्डवोकेट कमिश्नर लौट आए। एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव ने बताया कि मंगलवार को करीब पांच घंटे तक मुख्य हाल व अन्य हाल की वीडियोग्राफी कराई गई है।

कोई भी आदेश पारित करने से पहले दूसरे पक्ष को भी सुना जाना जरूरी है। इसलिए भारत सरकार व अन्य दूसरे पक्षों को सुने जाने के लिए नोटिस भेजा जाए। दोनों पक्ष सुनने के बाद किसी नतीजे पर पहुंचा जा सके। कमीशन के लिए एडवोकेट कमिश्नर अपनी मौके की रिपोर्ट अदालत में नियत तिथि को प्रस्तुत करें। मामला संवेदनशील होने के कारण उसकी वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की जाए। डीएम व एसपी मौके पर पुलिस बल उपलब्ध करायें। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के चौक स्थित इम्पोरियम भवन में बिहार का पर्यटक सूचना केंद्र खुलेगा। इसके लिए इम्पोरियम भवन के भूतल पर 784 वर्ग फीट में स्थान आवंटित किया गया है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम इसकी विशेष साज–सज्जा कराएगा। पटना राज्य ब्यूरो के अनुसार बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में देश–विदेश के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आते हैं। इन देसी–विदेशी पर्यटकों को बिहार तक लाने के लिए यह पर्यटक सूचना केंद्र खोला जा रहा है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा।श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को नव्य–भव्य स्वरूप देते समय ही सभी प्रांतों के पर्यटक केंद्र धाम परिसर में खोलने का खाका खींचा गया था। इसके लिए बिहार के अलावा दक्षिण के भी कई राज्य मंदिर प्रशासन के संपर्क में हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि विश्वनाथ धाम में देश–विदेश से श्रद्धालु–सैलानी आते हैं। उनकी सुविधा के लिए मंदिर की ओर से बहुभाषी सूचना केंद्र खोला जा रहा है। प्रांतीय पर्यटक सूचना केंद्र खोलने में भी मदद की जा रही है।

# महाकुंभ में पहली बार तैनात होंगे ऑल-टेरेन व्हीकल

प्रयागराज ।महाकुंभ 2025 को सुरक्षित और हरित महाकुंभ बनाने के लिए संकल्पित योगी सरकार अनेक उपाय कर रही है। इसी क्रम में पहली बार महाकुंभ में ऑल टेरेन व्हीकल तैनात किया जा रहा है। यह व्हीकल मेला क्षेत्र में कहीं भी आग की घटना होने पर चंद सेकेंड्स में घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा सकेगा। यह फायर एस्टींगुशर समेत तमाम अत्याधुनिक फायर सेफ्टी डिवाइसेज से लैस होगा। रेत, दलदल और छिछले पानी में भी यह पूरी रफ्तार से दौड़ सकेगा। अग्निशमन विभाग के ट्रेन्ड फायरकर्मी इस पर सवार होकर पूरे मेला क्षेत्र में आपात स्थिति पर नजर रखेंगे। इसे पहली बार महाकुंभ में उपयोग में लाया जाएगा। इसके लिए चार ऑल–टेरेन व्हीकल्स प्रयागराज पहुंच चुके हैं और अग्निशमन कर्मियों को इसकी राइडिंग और उपयोग की ट्रेनिंग दी जा रही है। सीएम योगी 25 नवंबर को इन चारों व्हीकल्स समेत अन्य डिवाइसेज को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इलेक्ट्रिक बैट्री से संचालित होने वाला यह व्हीकल सीएम योगी के सुरक्षित और हरित महाकुंभ के संकल्प को साकार करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (यूपी फायर सर्विसेज) की ओर से मेला क्षेत्र को जीरो फायर इंसिडेंट जोन बनाने की व्यापक तैयारी की गई है। ऑल–टेरेन व्हीकल उसी तैयारी का हिस्सा है। प्रयागराज के मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुंभ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि चार ऑल–टेरेन व्हीकल्स को जर्मनी से प्रयागराज लाया गया है। लगभग ढाई करोड़ की लागत वाले इन व्हीकल्स को सीएम योगी स्वयं हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन व्हीकल्स की तैनाती से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि महाकुंभ मेला प्रारंभ होने के बाद क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुचारू रूप से फायर सेफ्टी सर्विसेज का परिचालन किया जा सके। उन्होंने बताया कि वाहन में पानी की टंकियां, नल और पंप सहित अग्निशमन उपकरण लगे हैं, जिससे अधिकारी आग लगने पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगे। यह त्वरित कार्रवाई आग को फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण है, खासकर शुरुआती चरणों में। उन्होंने कहा कि इसमें नॉर्मल एस्टींगुशर के साथ एयर कंप्रेसर और वैमपैक फायर एस्टींगुशर भी है। इसमें गन से 9 लीटर तक पानी का छिड़काव किया जा सकता है। इसमें 8 लीटर पानी और एक लीटर केमिकल होता है जो छिड़काव के बाद फोम बन जाता है। फ्लोरीन–मुक्त फोम में आग बुझाने की प्रभावी क्षमता होती है। यह आग को तेजी से बुझा सकता है। यह ज्वलनशील तरल पदार्थ की आग को भी दबा सकता है और दोबारा आग लगने से रोक सकता है, जिससे यह पारंपरिक फोम का एक विश्वसनीय विकल्प बन जाता है।


सम्पादक

सिद्धनाथ द्विवेदी

प्रबन्धक निदेशक

दीपक जयसवाल

सम्पादकीय कार्यालय

11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।

सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062